# नवयुवक ने कठिन मानी जाने वाली श्रीखंड महादेव यात्रा कर धर्म की प्रभावना को बढ़ाया

## सफल यात्रा होने पर यात्री कुशवाह का नगर में परिजनों व समाजजनों ने किया स्वागत



नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 16 जुलाई। शहर के एक नव युवा संतोष कुशवाह निवासी सुभाष कॉलोनी के द्वारा भगवान भोलेनाथ की कठिन यात्रा मानी जाने वाली श्रीखंड महादेव की सफल यात्रा कर अंचल शिवपुरी में धर्म की प्रभावना को बढ़ाया है और यात्रा पूर्ण होने के बाद जब संतोष गत दिवस शिवपुरी आए तो यहां उनके परिजनों एवं समाजजनों के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस यात्रा के दौरान संतोष ने अपने अनुभव भी साझा किए और बताया कि श्रीखंड महादेव, जिसे पंच कैलाश में से एक माना जाता है, वह भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है और यह हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित है, यह यात्रा बहुत कठिन मानी जाती है और 18,570 फीट की ऊंचाई पर स्थित 75 फीट ऊंचे शिवलिंग के दर्शन के लिए की जाती है। श्रीखंड महादेव से जुड़ी एक प्रसिद्ध कथा है जिसमें भस्मासुर नामक राक्षस से जुड़ा प्रसंग है। श्रीखंड महादेव यात्रा, भगवान शिव के भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थयात्रा है। यह है श्रीखंड महादेव से जुड़ी पौराणिक कथा । संतोष कुशवाह ने बताया कि श्रीखंड महादेव दर्शन से जुड़ी पौराणिक कथा के अनुसार, भस्मासुर नामक एक राक्षस ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या की और उनसे वरदान मांगा कि वह जिसके सिर पर हाथ रखेगा, वह भस्म हो जाएगा। वरदान मिलने के बाद, भस्मासुर ने शिवजी को ही भस्म करने का प्रयास किया। भगवान शिव, भस्मासुर से बचने के लिए, श्रीखंड महादेव की गुफाओं में छिप गए। भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण करके भस्मासुर को छल से उसी के वरदान का शिकार बनाया, जिससे भस्मासुर भस्म हो गया। इसके बाद, भगवान शिव श्रीखंड महादेव से बाहर आए और आज भी एक शिला रूप में वहां विराजमान हैं।

यूं होती है श्रीखंड महादेव यात्रा

श्रीखंड महादेव की यात्रा के बारे में अपने अनुभव साझा करते हुए संतोष कुशवाह बताते हैं कि यह एक कठिन यात्रा है जो जुलाई के महीने में शुरू होती है और 32 किलोमीटर की पैदल यात्रा करनी होती है, यात्रा के दौरान, श्रद्धालु कई पड़ावों से गुजरते हैं, जैसे कि जाओ, सिंहगाड़, थाचड़ू, भीमदवारी, और नैन सरोवर से होकर जाना पड़ता है। यात्रा के दौरान यात्रा पर जाने से पहले, श्रद्धालुओं को श्रीखंड महादेव ट्रस्ट में पंजीकरण करवाना होता है, यात्रा के लिए मेडिकल जांच करवाना अनिवार्य है और गर्म कपड़े, जूते, छाता, रेनकोट, और जरूरी दवाएं साथ रखना आवश्यक है, इसके अलावा यात्रा के दौरान, श्रद्धालुओं को प्रशासन द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का पालन करना आवश्यक है।

# पटवारी जितेंद्र इक्लोदिया को दी गई भावभीनी विदाई



नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 16 जुलाई। बदरवास तहसील से स्थानांतरित होकर रन्नौद तहसील गए पटवारी जितेंद्र के सम्मान में ग्राम अटलपुर में बिदाई एवं समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में सरपंच जगदीश धाकड़ ने शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह बैठकर उनकी उत्कृष्ट कार्य शैली की सराहना की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी जनपद सदस्य हीरालाल पटेलिया ने कहा कि पहली बार किसी पटवारी के प्रति किसानों और ग्रामीणों में ऐसा इसमें और लगाव देखा गया है।

इस अवसर पर सरपंच बृजेश सिंह धाकड़,सर्वेयर गोपाल जाटव, संजीव जाटव, सुबहसिंह जाटव, भागीरथ धाकड़, रघुवीर धाकड़, एडवोकेट रवि केवट, राजीव यादव, शीशपाल सिंह यादव, नरेश धाकड़ बालकिशन जाटव मानोहर धाकड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे कार्यक्रम उपरांत सभी ने पटवारी को भावभीनी विदाई दी बृजेश धाकड़ अटलपुर ने कहा कि अटलपुर के किसान भाइयों के वर्षों से लंबित भूमि संबंधी कार्यों को पटवारी की सहज व सरल कार्य शैली के चलते समय पर पूर्णता मिली रवि केवट एडवोकेट ने कहा कि इक्लोदिया जैसे समर्पित कर्मचारियों के साथ काम करना गौरव की बात रही यह एक सुखद अनुभव भी था उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। जितेंद्र इकलोदिया पटवारी बदरवास तहसील के कई हल्का नंबरों पर पोस्टेड रहे हैं इन्होंने जहां भी काम किया है बड़े ही लगन सील तरीके से कार्य किए हैं जहां से भी इनका ट्रांसफर होता है वहां के लोग इनको बड़े ही याद करते हैं इससे पहले भी इन्होंने रन्नौद तहसील के अंतर्गत आने वाले कई हल्का नंबरों पर नौकरी की है वहां भी उनके कार्य की सराहना की जाती है। आज यही बदरवास की अटलपुर ग्राम पंचायत में देखने को मिला ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे कर्मचारी बहुत कम देखने को मिलते हैं की इन्हें सिर्फ किसानों के काम की फिक्र खुद के कामों से ज्यादा रहती है हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# गिरनार में पूजा करने से रोकने पर जैन समाज में आक्रोश, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**हाईकोर्ट ने भी 2005 में पंचम टोंक पर नए निर्माण पर लगाई थी रोक**

नवभारत न्यूज
पोहरी, 16 जुलाई। जैन मिलन परिवार और सकल जैन समाज ने बुधवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नाम पोहरी एसडीएम मोतिलाल अहिरवार को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन गुजरात के जूनागढ़ स्थित गिरनार पर्वत की पंचम टोंक पर जैन श्रद्धालुओं को पूजा से रोके जाने और उनके साथ की गई अभद्रता के विरोध में दिया गया। जैन समाज के अनुसार, 2 जुलाई 2025 को देशभर से आए हजारों जैन श्रद्धालुओं को भगवान नेमिनाथ के निर्वाण स्थल पर पूजा करने, द्रव्य चढ़ाने और जयकारा लगाने से रोका गया। श्रद्धालुओं की पूजा सामग्री जब्त की गई और महिलाओं के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। समाज ने इसे धार्मिक अधिकारों का हनन और संवैधानिक स्वतंत्रता का उल्लंघन बताया। उनका कहना है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और गुजरात राज्य गजेटियर दोनों इस स्थल को मूल रूप से जैन तीर्थ मानते हैं। गुजरात हाईकोर्ट ने भी 2005 में पंचम टोंक पर नए निर्माण पर रोक लगाई थी। ज्ञापन में विनोद कुमार जैन एलआईसी, मनोज जैन, जैन मेडिकल, देवेंद्र जैन पत्रकार, हितेश जैन पत्रकार, नीरज जैन, अंकित जैन, मनोज जैन, संतोष जैन एवं समस्त जैन समाज ज्ञापन देने पहुंचा।

## स्व .श्रीमती भारती जैन की स्मृति में उनके पति द्वारा रक्तदान एवं वृक्षारोपण के साथ गौ माता की सेवा कर उन्हें याद किया

शिवपुरी। स्व. श्रीमती भारती जैन के जन्मदिन पर उन्हें याद करते हुए उनके पति सुरेन्द्र जैन (बंटी) द्वारा जिला चिकित्सालय में 25 वीं वार रक्तदान किया एवं शासकीय माधवराव सिंधिया विद्यालय में पौधरोपण के साथ अपना घर गौ शाला में गऊ माता की सेवा कर अपने जीवनसाथी को श्रद्धासुमन अर्पित किये एवं शेष बचे जीवन मे रक्तदान के साथ साथ पौधरोपण करने का भी संकल्प लिया। इस सेवा कार्य में उनके साथ समाजसेवी गजेन्द्र सिंह सोलंकी, प्रो दिग्विजय सिंह सिकरवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष विपुल जैमिनी, महामंत्री रीतेश जैन, समाजसेवी वीर प्रमोद जैन, अमित खंडेलवाल, नरेन्द्र गुप्ता, श्रीमती रेणु सिंघल, श्रीमती माधवी अग्रवाल, वीरा श्रीमती जूली जैन, प्रवीण गुप्ता, संजय सिंघल, रिंकेश अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता, गौरव शर्मा,भुरेंद्र यादव, बबलू गुप्ता, विवेक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



# पोहरी में पेट्रोल पंप पर हुई कार्रवाई, 728 लीटर पेट्रोल एवं 966 लीटर डीजल जब्त



नवभारत न्यूज
पोहरी,16जुलाई। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार खाद्य विभाग की टीम द्वारा पोहरी क्षेत्र स्थित अरिहंत फ्यूल पेट्रोल/डीजल पंप पर सघन जांच की गई।

जांच दल में डिप्टी कलेक्टर ममता शाक्य, जिला आपूर्ति अधिकारी तुलेश्वर कुर्र, एएसओ श्री जाटव एवं नापतोल निरीक्षक श्री चतुर्वेदी शामिल रहे। जांच के दौरान पंप मैनेजर पवन शर्मा की उपस्थिति में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता की जांच की गई।

जांच के दौरान पंप पर स्टॉक सीमा में अंतर पाए जाने पर 728 लीटर पेट्रोल और 966 लीटर डीजल मौके पर ही जब्त कर लिया गया। इसके अतिरिक्त पंप पर आवश्यक सुविधाओं की भी भारी कमी पाई गई। निरीक्षण के दौरान माप, घनत्व और अग्निशमन उपकरणों की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई।

पंप संचालक संजय जैन के विरुद्ध मोटर स्पीड एवं हाई स्पीड डीजल 2005 अधिनियम के तहत कार्यवाही हेतु कलेक्टर जिला शिवपुरी को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

# सतनवाड़ा पुलिस ने एक चोर को किया गिरफ्तार, मंदिर का घंटा एवं चोरी की बाइक बरामद

**शिवपुरी। सतनवाड़ा थाना पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से मंदिर से चोरी किए गए घंटे एवं चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया। सतनवाड़ा थाना प्रभारी सुनील सिंह राजपूत के अनुसार, 14 जुलाई को फरियादी गौरव धाकड़ पुत्र परमाल सिंह धाकड़ उम्र 26 साल निवासी ग्राम काँकर थाना सतनवाडा की रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 108/2025 धारा 303 ( 2 ) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रभारी थाना सतनवाड़ा उनि. सुनील सिंह राजपूत द्वारा आरोपी अभिषेक आदिवासी पुत्र जनवेद आदिवासी आयु 20 साल निवासी ग्राम उकायला थाना अमोलपठा जिला शिवपुरी म.प्र. को आज आरोपी के कब्जे से मोटरसाईकिल जप्त कर आरोपी गिरफ्तार कर मेमो लेख किया गया मेमो में आरोपी ने मंदिर से चोरी किये गये घण्टे के बारे में बताया आरोपी के कब्जे से चोरी गये घण्टे को जप्त कर आरोपी को माननीय न्यायालय शिवपुरी में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी थाना थाना सतनवाडा उनि. सुनील सिंह राजपूत सउनि बृजेन्द्र कुमार पाठक, प्र.आर. निरंजन सिंह गुर्जर, प्र.आर. सोनेराम कुशवाह प्र.आर. सोनू रजक, पवन कुमार, आर. प्रशांत गुर्जर, शिवराज धाकड़, विनोद राठौर की सराहनीय भूमिका रही है।**



## इन क्षेत्रों में आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

शिवपुरी, 16 जुलाई 2025/ आवश्यक रखरखाव होने के कारण 33 के.व्ही.खरैह फीडर से संबंधित क्षेत्रों में 17 जुलाई को विद्युत प्रभाव बंद रहेगा। उक्त खरैह फीडर के बंद रहने से प्रातः 10 बजे से अपराहन 4 बजे तक 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र खरैह, देहरदा गणेश पचावली एवं ऐजवारा से जुड़े समस्त क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

# फिजीकल मंडल की नवीन कार्यकारिणी घोषित



**आशीष बिंदल, मदन देशवारी महामंत्री तो मीडिया प्रभारी बने राजकुमार शर्मा**

नवभारत न्यूज
शिवपुरी। भारतीय जनता पार्टी फिजीकल मंडल की नवीन कार्यकारिणी आज भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव की सहमति से एवं मंडल अध्यक्ष कृष्णा कुशवाह ने घोषित की हैं जिसमें चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, 6 मंत्री, कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी सहित 26 सदस्यों की कार्यकारिणी घोषित की हैं। उपाध्यक्ष जसराम धाकड़, दीपक कुशवाह, प्रतीक शर्मा, तरूण सेजवार, कामेन्द्र राठौर, श्रीमती शोभा शर्मा, महामंत्री के आशीष बिंदल, मदन देशवारी, मंत्री ओम जाटव, विजयदीप शुक्ला, श्रीमती ममता राठौड़, राजकुमारी कुशवाह, गायत्री राठौर, प्रशांत गुर्जर, कोषाध्यक्ष राजकुमार राठौर, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती सीमा शाक्य, कार्यालय मंत्री राहुल खटीक, सह कार्यालय मंत्री प्रांजुल अग्रवाल, मीडिया प्रभारी राजकुमार शर्मा (राजू शर्मा), मीडिया सह-प्रभारी रूपेश जैन, सोशल मीडिया प्रभारी आकाश प्रजापति, सह सोशल मीडिया प्रभारी सतीश खटीक, आईटीसेल सह प्रभारी मन्नी खांन, आईटीसेल सह प्रभारी जितेन्द्र राठौर, प्रचार मंत्री सुधीर रजक, सह प्रचार मंत्री राहुल धूलिया शामिल हैं।

## शहर एवं ग्राम में बच्चों को भीख मांगते हुये देखें तो रोकें

दतिया। देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले भिक्षावृत्ति में लगे हुये बच्चों की पहचान कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। जिससे उनके सर्वांगीण विकास हेतु उन्हें शिक्षाए स्वास्थ्य एवं उचित पोषण आहार मिल सके। उक्त बात बसई में जिलाधीश की अध्यक्षता में बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के समन्वय बैठक जिला कार्यक्रम अधिकारी अरबिन्द उपाध्याय ने कही। उन्होंने कहा कि मंदिरों, बाजारों रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड पर भिक्षावृत्ति करते हुये मिलने वाले बच्चों की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 पर दें जिलाधीश ने समन्वय बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी लोग ग्राम स्तर एवं शहर स्तर पर बच्चों को भीख मांगते हुये देखें तो उन्हें तुरंत उनकी आवश्यकता अनुसार शासकीय मदद उपलब्ध कराने एवं उन बच्चों के संरक्षकों से संपर्क कर आवश्यकता अनुसार शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करें। बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान में जिले के विभिन्न विभागों यथा सामाजिक न्याय विभाग, स्कूली शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, खेल एवं युवक कल्याण विभाग, श्रम नगरीय प्रशासन आदि के आवश्यक सहयोग हेतु समन्वय स्थापित करते हुये जिले में भिक्षावृत्ति निवारण का व्यापक क्रियान्वयन एवं भिक्षावृत्ति रोकथाम के संबंध में प्रभावषील अधिनियम एवं नियम का पालन सुनिष्चित करने के उद्देष्य से किया गया। बैठक में विभिन्न समन्वय विभागों के जिला अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बाल संरक्षण अधिकारी धीरसिंह कुशवाह, बृजेन्द्र सिंह कौरव उपस्थित रहे।

# कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई अपात्र नाम सूची में न रहे : एसडीएम



नवभारत न्यूज
दतिया। विधानसभा क्षेत्र 21 भाण्डेर (अजा) में बीएलओ एवं सुपरवाईजर का छह दिवसीय प्रशिक्षण 11 जुलाई से प्रारंभ होकर आज बुधवार को सीएम राइज स्कूल भाण्डेर में एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुश्री सोनाली राजपूत की मौजूदगी में संपन्न हुआ। छह दिवस में कुल 229 मतदान केन्द्रों के बीएलओ एवं सुपरवाईजर को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण सीएम राइज विद्यालय भाण्डेर में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में बीएलओ को विधिक प्रावधान निर्वाचक नामावली तैयाकर करने की प्रक्रिया घर-घर सर्वे, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं की जानकारी दोहरी प्रविष्ठि फार्म भरने, बीएलओ एप संचालन प्रक्रिया का विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुश्री सोनाली राजपूत ने अपने उदवोधन में कहा कि प्रशिक्षित बीएलओ मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी, सटीक और त्रुटिहीन बनाए। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षित बीएलओ को बताया कि विधानसभा क्षेत्र में कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई अपात्र नाम सूची में न रहे। प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों के द्वारा बीएलओ के कर्तव्य एवं उनके द्वारा की जाने वाले विभिन्न कार्यो के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। निर्वाचन आयोग से प्राप्त पीपीटी को प्रोजेक्टर एवं एलसीडी के माध्यम से सभी बीएलओ एव बीएलओ सुपरवाईजर को दिखाते हुए प्रशिक्षित किया गया। साथ ही प्रशिक्षण के पश्चात बीएलओ का मूल्यांकन आयोग द्वारा प्रदाय लिंक के माध्यम से ऑनलाइन किया गया। इस अवसर पर समस्त बीएलओ सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीईओ ने शासकीय हाईस्कूल एवं प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से गणित के सवाल पूछे एवं अंग्रेजी की किताब पढ़वाई



दतिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया श्री अक्षय कुमार तेम्रवाल द्वारा आज शासकीय हाईस्कूल सतलोन का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में सीईओ द्वारा बच्चों से गणित के सवाल पूछे बच्चे गणित के सवाल देंने में हिचकिचा रहे। तभी यह गणित पढ़ाने वाले अतिथि शिक्षक से सवाल पूछा जिसका जवाब अतिथि शिक्षक नहीं दे पाया। सीईओ श्री तेम्रवाल ने तत्काल एडीपीसी (शिक्षा) को अतिथि अंकित पटेरिया को हटाने की कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने शासकीय प्राथमिक सतलोन का निरीक्षण किया। बच्चों से अंग्रेजी की किताब पढ कर बताई। उन्होंने सभी बच्चों को एक-एक पेन वितरित किया।

# नपा कर्मचारियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज
श्योपुर। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा नषे के खिलाफ प्रदेशभर में 15 से 30 जुलाई तक विषेश जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में आज बुधवार को दोपहर 3 बजे नगरपालिका परिशद ष्योपुर द्वारा नषामुक्त ष्योपुर बनाने के लिए अपने योगदान और सहयोग प्रदान करने के उद्देष्य से षपथ ली गई। इस मौके पर सीएमओ राधेरमण यादव ने कहा कि नषामुक्त समाज समृद्ध समाज की पहचान है जिसमें सभी को सहयोग करना चाहिए, इस कार्य में हम सभी को आगे आकर प्रयास करना चाहिए ताकि समाज में नषे से दूरी बनाकर एक बेहतरीन समाज की रचना की जा सके। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राधेरमन यादव, आदित्य चौहान, ओम आर्य, सत्यभानु जाटव, सुनील दंडोतिया, अरविंद पाराषर, ओमवीर सिंह, षाहिदा परवीन, जितेंद्र राव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। नषामुक्त मध्यप्रदेष बनाने के दृश्टिगत समाज में नषे के दुश्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने और युवाओं को नषे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के उद्देष्य से अभियान चलाया जा रहा है।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बस में सबार होकर शिविर में पहुंचे

दतिया। जिलाधीश स्वप्निल वानखड़े की विशेष पहल पर आज जिले के समस्त अधिकारी जन समस्या निवारण शिविर में शामिल होने बसई पहुंचे। शिविर की विशेष बात यह रही कि कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सहित समस्त जिला अधिकारी बस में सबार होकर शिविर में पहुंचे। शिविर का आयोजन बसई में निर्माणाधीन संदीपनी विद्यालय में हुआ।

कलेक्टर श्री वानखड़े को जैसे पता लगा कि बसई ग्राम दतिया जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर स्थित है जो कि उत्तर प्रदेश सीमा पार है। वहां से जनसमस्याओं के निराकरण हेतु लोगों का आने जाने में पूरा दिन बीत जाता है। उन्होंने तत्काल बसई में जन शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए एवं समस्त शासकीय जिला अधिकारियों को शिविर में शामिल होने के लिए निर्देशित किया। जिससे बिना तकलीफदिए बसई ग्राम एवं आसपास के ग्रामीणजनों की समस्याओं को सुनकर निराकृत किया जा सके। शिविर में लगभग 50 आवेदको ने अपनी समस्याओं से कलेक्टर श्री वानखड़े को अवगत कराया।

जिसका उन्होंने गंभरीता पूर्वक समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि आने दिनों में बसई जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में भी जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**भगवान भोलेनाथ की कृपा में श्रद्धा, सेवा और संस्कार का पावन संगम**

पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रामनिवास रावत जी द्वारा आयोजित पवित्र आयोजन के संदर्भ में आज मीडिया के सम्मानित साथियों के साथ प्रेस वार्ता की गई, जिसमें यात्रा की रूपरेखा, व्यवस्थाएं एवं जन सहभागिता पर चर्चा हुई। इस प्रेस वार्ता मै केबिनेट दर्जा प्राप्त साथ मौजूद रहे।

## पंचायत उप निर्वाचन के तहत कार्यपालिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त

श्योपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा द्वारा ष्योपुर जिले में पंचायत उप निर्वाचन को दृश्टिगत रखते हुए कार्यपालिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है। उप निर्वाचन के तहत जिले की तीन पंचायतों में सरपंच पद पर 22 जुलाई को मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जायेगी। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा उप निर्वाचन के तहत 22 जुलाई को मतदान षांतिपूर्ण और निर्विघ्न संपन्न कराने के उद्देष्य से नायब तहसीलदार रजनी बघेल को दलारना कलां, नायब तहसीलदार नरेन्द्र जैन को मोरावन तथा नायब तहसीलदार दर्षनलाल जाटव को जाखदा पंचायत के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किया ।

## मतदान अधिकारियों का प्रषिक्षण आयोजित

श्योपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा के मार्गदर्षन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नोडल अधिकारी प्रषिक्षण अतेन्द्र सिंह गुर्जर के निर्देषन में पंचायतों के उप निर्वाचन अंतर्गत नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों के लिए प्रषिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीईओ जनपद एसएस भटनागर, प्रषिक्षण प्रभारी राजकुमार पाराषर एवं मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित थे। षासकीय पीजी कॉलेज ष्योपुर में आयोजित प्रषिक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 को मास्टर ट्रेनर रमेष भारद्वाज, विपिन बिहारी षर्मा, निषा वर्मा, खेमराज आर्य, सुषील दुबे, नंद बिहारी षर्मा द्वारा सरपंच पद अंतर्गत मतदान प्रक्रिया सहित ईव्हीएम मषीन के संचालन तथा निर्वाचन संबंधी प्रपत्रों को भरने आदि का प्रषिक्षण प्रदान किया गया।

# आयोजित हुआ नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता कार्यक्रम



शिवपुरी। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में जिले में नशे से दूरी है जरूरी' जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया हैं। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक जिलेभर में संचालित किया जा रहा है। अभियान के दूसरे दिन बुधवार को पोहरी एलएसजीके महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तथा नशामुक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी संजय चतुर्वेदी, थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह कुशवाह एवं शिक्षा विभाग की सहभागिता रही। कार्यक्रम में एलएसजीके महाविद्यालय व संदीपनी विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, पुलिस विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारी सम्मिलित हुए। महाविद्यालय परिसर में सभी जनमानस को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई।

## न्यायालय : वीरेन्द्र वर्मा जिला न्यायाधीश, चंदेरी जिला अशोकनगर (म.प्र.)

आर.सी.ए.-01/2022

तोरन मृत द्वारा वारिसान रामलाल
विरुद्ध
तिजियाबाई व अन्य

// सूचना पत्र//

प्रति,

01. पप्पू पुत्र रामा आदिवासी आयु 45 वर्ष,निवासी ग्राम गूड़र तहसील खनियाधाना,जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश। उपरोक्त प्रकरण में आवेदक ने आपके विरुद्ध धारा-96 तथा आदेश 41नियम 1 एवं व्यवहार प्रक्रिया संहित के अंतर्गत अपील प्रस्तुत की है। आप दिनांक 04.08.2025 को स्वयं अथवा अभिभाषक के द्वारा जिसे प्रकरण के बारे में समझा दिया गया है। दिन के 10:30 बजे उपस्थित होकर जबाव प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी। यदि नियत दिनांक 04.08.2025 को अवकाश होता है, तब आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण पेशी पर लिया जायेगा। आज दिनांक 25.06.2025 को हमारे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा से जारी किया गया।

सही/-
(वीरेन्द्र वर्मा)
जिला न्यायाधीश चंदेरी
जिला अशोकनगर (म.प्र.)